FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

Crackdown Firozabad.
सराहनीय कार्य
जनपद फिरोजाबाद
दिनाँक 21-04-2024

थाना सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की टीम द्वारा थाना सिरसागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 111/24 में वांछित 10 हजार का इनामी अभियुक्त शोएब उर्फ कालिया को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार , पुलिस मुठभेड में अभियुक्त शोएब दाहिने पैर में गोली लगने से हुआ घायल ।

- **अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न जनपदो में एक दर्जन से अधिक अभियोग है पंजीकृत...**

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 अदद मोटरसाइकिल(HF DELUXE UP 83 R 4435) बरामद ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में शातिर अपराधियों तथा मु0अ0सं0 111/24 में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21-04-2024 को सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की टीम द्वारा नसीरपुर मार्ग पर अमौर नहर पुलिया पर चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सिरसागंज की ओर से नसीरपुर की ओर आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो वह तेजी से अमौर नहर की पटरी पर मोटरसाइकिल मोडकर सूरजपुर की ओर भागने का प्रयास करने लगा । लगभग 50 मीटर की दूरी पर हडबडाहट में उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी । पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी । जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त को दाहिने पैर में गोली लग गयी जिसे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 अदद मोटरसाइकिल(HF DELUXE UP 83 R 4435) बरामद हुई है ।

घायल अभियुक्त की पहचान शोएब उर्फ कालिया पुत्र जाकिर अली उर्फ जाकिर हुसैन उम्र 24 वर्ष निवासी बारी का नगला 60 फुटा रोड कली मंदिर के बगल वाली गली कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद के रुप में हुई है। जो थाना सिरसागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 111/24 धारा 379 411 आईपीसी में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त –

शोएब उर्फ कालिया पुत्र जाकिर अली उर्फ जाकिर हुसैन निवासी बारी का नगला 60 फुटा रोड कली मंदिर के बगल वाली गली कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद

बरामदगी –

01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 अदद मोटरसाइकिल(HF DELUXE UP 83 R 4435)

अभियुक्त शोएब का आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 111/24 धारा 379/411 भादवि थाना सिरसागंज फिरोजाबाद

2-मु0अ0सं0 82/22 धारा 379/411/420 भादवि थाना रामगढ

3-मु0अ0सं0 182/22 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना रामगढ

4-मु0अ0सं0 291/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ

5-मु0अ0सं0 630/21 धारा 379/411 भादवि थाना जगदीशपुरा (आगरा)

6-मु0अ0सं0 462/21 धारा 379 भादवि थाना ताजगंज (आगरा)

7-मु0अ0सं0 583/21 धारा 379 भादवि थाना ताजगंज (आगरा)

8-मु0अ0सं0 703/21 धारा 379/411 भादवि थाना ताजगंज (आगरा)

9-मु0अ0सं0 704/21 धारा 379/411 भादवि थाना ताजगंज (आगरा)

10-मु0अ0सं0 200/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना हरीपर्वत (आगरा)

11-मु0अ0सं0 420/21 धारा 41/102 द0प्र0सं0 व 411/414 भादवि व 15 डकैती अधि0 थाना हरीपर्वत (आगरा)

12- मु0अ0सं0 16/21 धारा 379/411/427 भादवि थाना हाथरस जंक्शन (हाथरस)